भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 456 #
गुरूवार, 6 फरवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र के रायगढ़ में पर्यटन अवसरंचना का अभाव

456 # श्री धैर्यशील मोहन पाटिल:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र के रायगढ़ में पर्यटन स्थलों पर स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए कोई योजनाएं बनाई है;

(ख) क्या सरकार ने दूरदराज के पर्यटन स्थलों तक बेहतर सड़क संपर्क और स्थानीय परिवहन नेटवर्क विकसित करने के लिए कोई ठोस कदम उठाए हैं; और

(ग) क्या पर्यटकों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और उनके अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सुधार करने की कोई योजना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): यद्यपि पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है, तथापि पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी चल रही योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों को पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है। उक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत घटकों के अंतर्गत पर्यटक स्थलों पर पेयजल, शौचालय, अपशिष्ट प्रबंधन और अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी के लिए भी निधियां आबंटित की जाती हैं।

इसके अलावा, पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय द्वारा 22 रेलवे स्टेशनों पर पर्यटक सुविधाओं के संयुक्त विकास हेतु परियोजनाओं को लागत में साझेदारी के आधार पर मंजूरी दी गई थी।

चिह्नित गंतव्यों पर परियोजनाएं शुरू करने से संबंधित प्रस्तावों को संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा तैयार किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत पर्यटक स्थलों के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए समय-समय पर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। परियोजनाओं की समीक्षा और स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है

जिन्हें योजना दिशा-निर्देशों में निर्धारित प्रक्रियाओं और आवश्यकताओं के अनुसार निष्पादित किया जाता है।

रायगढ़, महाराष्ट्र में पर्यटक गंतव्यों के विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

पेयजल और स्वच्छता विभाग ने सूचित किया है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) [एसबीएम (जी)] के चरण II को वर्ष 2020-21 से 2025-26 की अवधि के दौरान लागू किया जा रहा है जिसमें खुले में शौच से मुक्ति (ओडीएफ) संबंधी स्थिरता और ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन के साथ सभी गांवों को ओडीएफ से ओडीएफ प्लस (मॉडल) में परिवर्तित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह योजना महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले सहित देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत रायगढ़ जिले के पर्यटक गंतव्यों को भी शामिल किया गया है। साथ ही एसबीएम (जी) के तहत सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, पर्यटन स्थलों, राजमार्गों, बस स्टैंडों आदि में सामुदायिक स्वच्छता परिसरों (सीएससी) का भी निर्माण किया जा रहा है।

देश में पर्यटक आवास इकाइयों का विकास मुख्य रूप से निजी क्षेत्र द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार होटलों के वर्गीकरण/अनुमोदन की अपनी स्वैच्छिक योजना के तहत केवल होटलों, बी एंड बी / होमस्टे, अतिथि गृहों आदि जैसी आवास इकाइयों को वर्गीकृत करता है।

पर्यटन मंत्रालय, पर्यटन गंतव्यों, प्रतिष्ठित स्थलों और यूनेस्को विश्व विरासत स्थलों तक सड़क संपर्क में सुधार करने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ मिलकर काम करता है। पर्यटन मंत्रालय महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों और उच्च क्षमता वाले अल्पज्ञात/नए गंतव्यों तक हवाई संपर्क को बेहतर बनाने करने के लिए नागर विमानन मंत्रालय के साथ भी समन्वय करता है।

जैसाकि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सूचित किया गया है उनके द्वारा महाराष्ट्र राज्य के रायगढ़ जिले में पर्यटक स्थलों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए निम्नलिखित दो परियोजनाएं शुरू की गई हैं:

(i) एनएच-166एफ का महाद से रायगढ़ किला खंड- यह मराठा साम्राज्य की राजधानी, रायगढ़ किले की ओर जाने वाली पेव्ड शोल्डर (2एल+पीएस) वाली दो-लेन सड़क है, जो कि 78.70% प्रगति के साथ कार्यान्वयनाधीन है और मार्च 2025 तक पूर्ण होगी।

(ii) एनएच-965डीडी का पचराल मंडनगढ़ खंडः यह डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के बचपन के घर अंबडवे की ओर जाने वाली पेव्ड शोल्डर (2एल+पीएस) वाली दो-लेन सड़क है, जो कि 79.07% प्रगति के साथ कार्यान्वयनाधीन है और मार्च 2025 तक पूर्ण होगी।

*****